**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Providing another opportunity to the Civil Service aspirants whose age expired during the COVID-19 period.

**श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़):** माननीय सभापति महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूँ ।… (व्यवधान)

पूरी दुनिया जानती है कि कोविड-19 महामारी ने सबको हिलाकर रख दिया, जिससे उद्योगों से लेकर नौकरियाँ तक भयंकर रूप से प्रभावित हुई हैं ।… (व्यवधान) सभी सेक्टर्स में नौकरियाँ कम हुईं । इन दो-तीन सालों के दौरान सरकारी नौकरियाँ भी नहीं दी गई हैं, जिसकी वजह से बहुत-से अभ्यर्थी ओवरएज हो चुके हैं ।… (व्यवधान) सिविल सर्विसेज के बहुत-से अभ्यर्थी वर्षों से तैयारी कर रहे थे । कई छात्र तो इंटरव्यू तक पहुंच गए थे, लेकिन कोविड के कारण अच्छी तरह से तैयारी न कर पाने के कारण वे इंटरव्यू नहीं दे पाए ।… (व्यवधान) कुछ अभ्यर्थियों ने बताया कि उनके परिवार में कोई न कोई बहुत नजदीकी सदस्य गुजर गए थे । इस प्रकार से, बहुत-से अभ्यर्थी, जो प्री या मेन पेपर पास कर चुके थे, वे भी इस तरह की परेशानियों से गुजरे ।… (व्यवधान) यह बेहद अफसोस की बात है कि बहुत-से अभ्यर्थी ओवरएज हो गए । इसमें सबसे ज्यादा सामान्य कैटेगरी के अभ्यर्थी हैं ।… (व्यवधान)

मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि ऐसे अभ्यर्थियों को एक मर्सी चांस दिया जाए ।… (व्यवधान)

वायुसेना के एक्स और वाई ग्रुप के फॉर्म्स वर्ष 2020 में निकाले गए थे, जिसकी लिखित परीक्षा सितम्बर, 2020 में हुई थी । इसके बाद फरवरी, 2021 में दौड़, मेडिकल आदि टेस्ट हो चुके थे ।… (व्यवधान) इस परीक्षा के अभ्यर्थी फाइनल रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे ।… (व्यवधान) लेकिन अचानक 15 जून, 2022 को इसकी भर्ती बंद कर दी गई ।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** हम आपको आपकी बात कहने का अवसर देंगे । No, this is not the right way.

... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सभा की कार्यवाही आज दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

... (व्यवधान)

**12.07 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.*

**14.00 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.*

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

## MATTERS UNDER RULE 377

**HON. CHAIRPERSON:** The House will take up Matters under Rule 377.

Shri Prataprao Patil Chikhlikar – Not present

… (*Interruptions*)

**<u>14.01 hrs</u>**

*At this stage, Shri D.M. Kathir Anand, Shri P.R. Natarajan, Sushri Mahua Moitra and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Bhola Singh

… (*Interruptions*)